कोलकाता परिसर पर हिंदी सप्ताह 2017

11-14 सितम्बर 2017

राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार के अंतर्गत कोलकाता परिसर पर 11-14 सितम्बर 2017 के दौरान हिंदी सप्ताह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिनांक 11 सितम्बर 2017 को प्रमुख, कोलकाता परिसर डॉ. के. रंगराजन की उपस्थिति में हिंदी सप्ताह का विधिवत प्रारंभ करते हुए इस दौरान हिंदी आशु भाषण, निबंध लेखन, प्रश्नोत्तरी व कविता पाठ का आयोजन किया गया। कोलकाता परिसर से इन सभी प्रतियोगिताओं में कर्मचारियों/अधिकारियों/संकाय सदस्यों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और हिंदी सप्ताह के कार्यक्रम को रोचक बनाया। 14 सितम्बर 2017 को हिंदी सप्ताह के समापन समारोह पर कोलकाता परिसर अध्यक्ष डॉ. के.रंगराजन ने अपने संबोधन में प्रशासनिक कार्य अधिकाधिक हिंदी में करने पर बल दिया तथा हिंदी प्रतियोगिताओं के सहभागियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

कोलकाता परिसर पर हिंदी सप्ताह की झलकियां